आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 30.12.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नववर्ष के दृष्टिगत पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरा करने के निर्देश दिए।
- वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए उत्तराखंड को खनन सुधारों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए देश में दूसरा स्थान मिला, मुख्यमंत्री ने कहा– खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी सुधार व सतत विकास को नई गति देगा।
- अल्मोड़ा में यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मृत्यु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया।
- और... देश के उत्तरी भाग में घने कोहरे के कारण रेल और हवाई यातायात बाधित।

<u>मुख्यमंत्री निर्देश</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नववर्ष के दृष्टिगत पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही राज्य में कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। ये निर्देश मुख्यमंत्री ने सचिवालय में नव वर्ष 2026 के अवसर पर आवागमन को सुगम बनाने, पर्यटकों की सुविधा, यातायात प्रबंधन व कानून व्यवस्था की समीक्षा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। साथ ही यातायात प्रबंधन, रात्रिकालीन गश्त और अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में मूलभूत सुविधाओं तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था, वाहनों के अनियंत्रित संचालन तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने पर विशेष निगरानी के साथ ही शराब के ठेकों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था करने पर जोर दिया। उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर होटल और रिसाट्र्स में फायर सेफ्टी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने को कहा।

## खनन सुधारों में उत्तराखण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए उत्तराखंड को खनन क्षेत्र में सुधार के उद्देश्य से 200 करोड़ रुपये की विशेष सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता "पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना" के तहत दी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस सहायता के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इससे राज्य में खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी सुधार और सतत विकास कार्यों को गति मिलेगी, साथ ही खनन से जुड़े सुधार कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूती होगी।

श्री धामी ने कहा कि इसमें ई–नीलामी प्रणाली, सेटेलाइट आधारित निगरानी, सख्त अनुपालन व्यवस्था, अवैध खनन पर रोक को आधुनिक माइनिंग सर्विलांस सिस्टम का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

## आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा के पिता तरुण प्रसाद चकमा को तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। पहली किश्त के रूप में 4 लाख 12 हजार 5 सौ रुपये का चेक जारी किया गया। ये चेक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी को भेजा गया। यह सहायता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम–1989 और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम–1955 के तहत दी गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने कल छात्र एंजेल चकमा की पिता तरुण प्रसाद चकमा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया था।

## सीडीओ निर्देश

देहरादून मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने सभी विभागों को सार्वजनिक परिसंपत्तियों की अधूरी मैपिंग को एक हफ्ते में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

जिले में सार्वजनिक परिसंपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर आज मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी भूमि, भवन, सड़कों, तालाबों, पार्कों सहित अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों के संरक्षण और अभिलेखीकरण पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

श्री शाह ने कई मामलों में विभागों द्वारा समय पर कार्रवाई न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को अलर्ट संदेशों का त्वरित संज्ञान लेने के निर्देश भी दिए।

दुर्घटना

अल्मोड़ा ज़िले के भिकियासैंण–विनायक मोटर मार्ग पर सुबह लगभग आठ बजे एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हुए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पॉल ने बताया कि गंभीर रूप से दो घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस द्वारहाट से रामनगर की ओर जा रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा ज़िले में हुई इस बस दुर्घटना में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। साथ ही, उन्होंने सभी घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर किया गया है और पूरे मामले की सतत निगरानी की जा रही है।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर तैनात हैं, ताकि घायलों को समय पर सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## कोहरा

देश के उत्तरी भागों में घने कोहरे से आज रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ। दिल्ली आने वाली 20 से अधिक रेलगाड़ी तीन घंटे से अधिक देरी से चल रही हैं। खराब मौसम के कारण हवाई यात्रा भी प्रभावित हुई है। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण आज 118 उड़ानें रद्द कर दी गई।

## मौसम

और अब नज़र आज के मौसम पर.... मौसम विभाग ने आगामी 2 जनवरी तक उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। साथ ही इस अवधि में तीन हजार दो सौ मीटर या उससे अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार भी बने हुए हैं।

वहीं, राज्य के हरिद्वार, उधम सिंह नगर, देहरादून, चंपावत, पौड़ी और नैनीताल जिलों के मैदानी इलाकों में 3 जनवरी तक घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा।

उधर, मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए उधम सिंह नगर जिला प्रशासन ने जिले में कल सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी तथा सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है।

## औली में पर्यटक

प्रदेश में साल 2025 को विदा करने और नववर्ष के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति इस बार भी चमोली जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। ब्रह्मताल, औली, रामनी से लेकर लार्ड कर्ज़न ट्रेक रूट तक हर जगह पर्यटक पहुंच रहे हैं। साथ ही विश्व प्रसिद्ध औली और टिम्मरसैंण में बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवाजाही देखने को मिल रही है, जिससे पुलिस और प्रशासन को यातायात व्यवस्था सुचारू करने में कठिनाई हो रही है।

चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पवार ने बताया कि इस साल के अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में पर्यटक पर्यटक स्थलों पर पहुंच रहे हैं।